रेलवे भर्ती बोर्ड / RAILWAY RECRUITMENT BOARD

सी०ई०एन० ०८/२०२४ -7 वें सीपीसी वेतन मैट्रिक्स के लेवल १ में विभिन्न पदों हेतु

CEN 08/2024- Various Posts in Level 1 of 7th CPC Pay Matrix

| | |
|---|---|
| Test Date | 24/12/2025 |
| Test Time | 9:00 AM - 10:30 AM |
| Subject | RRB Level 01 Stage I |

*** Note**
**Correct Answer will carry 1 mark per Question.**
**Incorrect Answer will carry 1/3 Negative mark per Question.**

**1. Options shown in green color with a tick icon are correct.**
**2. Chosen option on the right of the question indicates the option selected by the candidate.**

Section : **General Science**

**Q.1** **निम्नलिखित में से कौन-सा विकल्प दूरदृष्टिता (हाइपरमेट्रोपिया) से पीड़ित व्यक्ति का सबसे अच्छा वर्णन करता है?**

Ans
- ✗ A. वे चश्मे के बिना कुछ भी देखने में असमर्थ होते हैं
- ✗ B. वे पास की वस्तुओं को स्पष्ट रूप से देख सकते हैं लेकिन दूर की वस्तुएं धुंधली दिखाई देती हैं
- ✓ C. वे दूर की वस्तुओं को स्पष्ट रूप से देख सकते हैं लेकिन पास की चीजों को देखने में संघर्ष करते हैं
- ✗ D. उनकी दृष्टि निकट और दूर दोनों वस्तुओं के लिए समान रूप से धुंधली होती है

**Q.2** **मेगाफोन, लाउडहेलर (भोंपू) और शहनाई को किस उद्देश्य हेतु डिजाइन किया गया है?**

Ans
- ✓ A. ध्वनि तरंगों को एक विशेष दिशा में केंद्रित करना
- ✗ B. ध्वनि तरंगों को विद्युत संकेतों में परिवर्तित करना
- ✗ C. ध्वनि तरंगों की तीव्रता को कम करना
- ✗ D. ध्वनि तरंगों को सभी दिशाओं में समान रूप से फैलाना

**Q.3** **महिलाओं में, निम्नलिखित में से कौन-सी संरचना, अंडे को अंडाशय से गर्भाशय तक ले जाती है?**

Ans
- ✓ A. डिंबवाहिनी (Fallopian tube)
- ✗ B. यूटरस (Uterus)
- ✗ C. गर्भाशय ग्रीवा (Cervix)
- ✗ D. वैजिनल ट्यूप (Vaginal tube)

**Q.4** **निम्नलिखित में से क्या, वन में उगते (बढ़ते) पौधों में पोषक तत्वों की आपूर्ति बनाए रखने में सहायता करता है?**

Ans
- ✗ A. तृतीयक उपभोक्ता
- ✗ B. प्राथमिक उपभोक्ता
- ✗ C. द्वितीयक उपभोक्ता
- ✓ D. अपघटक

**Q.5** **पादप कोशिका रिक्तिका (vacuole) के अंदर उपस्थित तरल का नाम क्या है?**

Ans
- ✗ A. केन्द्रकद्रव्य (Nucleoplasm)
- ✗ B. कोशिकाद्रव्य (Cytoplasm)
- ✗ C. जीवद्रव्य (Protoplasm)
- ✓ D. कोशिका रस (Cell sap)

**Q.6** न्यूटन के तीसरे नियम के अनुसार, क्रिया और प्रतिक्रिया बल ...................।

**Ans**
- ✔ A. एक ही समय में दो अलग-अलग वस्तुओं पर कार्य करते हैं
- ✘ B. एक ही वस्तु पर अलग-अलग समय पर कार्य करते हैं
- ✘ C. एक दूसरे को रद्द कर देते हैं क्योंकि वे बराबर होते हैं
- ✘ D. एक ही समय में एक ही वस्तु पर कार्य करते हैं

**Q.7** एथेनॉल सोडियम के साथ अभिक्रिया करता है जिसके परिणामस्वरूप सोडियम एथॉक्साइड बनता है और ..................निर्मित होती है।

**Ans**
- ✔ A. हाइड्रोजन गैस (hydrogen gas)
- ✘ B. ब्रोमीन गैस (bromine gas)
- ✘ C. क्लोरीन गैस (chlorine gas)
- ✘ D. नाइट्रोजन गैस (nitrogen gas)

**Q.8** ऊर्जा रूपांतरण के दौरान, किसी निकाय की कुल ऊर्जा ___________ ।

**Ans**
- ✘ A. सदैव बढ़ जाती है
- ✘ B. पूरी तरह से विलुप्त हो जाती है
- ✔ C. अपरिवर्तित रहती है
- ✘ D. सदैव घट जाती है

**Q.9** द्रव्यमान और भार के संबंध में कौन-सा कथन गलत है?

**Ans**
- ✘ A. द्रव्यमान जड़त्व का माप है, और भार गुरुत्वाकर्षण के कारण लगने वाला बल है।
- ✔ B. द्रव्यमान स्थान-स्थान पर भिन्न होता है, भार स्थिर रहता है।
- ✘ C. द्रव्यमान अदिश है, भार सदिश है।
- ✘ D. द्रव्यमान का SI मात्रक kg है, और भार का SI मात्रक न्यूटन है।

**Q.10** एक घर में, 220 V पर विद्युत आपूर्ति की जाती है। यदि घर की अधिकतम विद्युत खपत 11 kW है, तो मुख्य फ्यूज की रेटिंग क्या होनी चाहिए?

**Ans**
- ✘ A. 100 A
- ✘ B. 20 A
- ✘ C. 30 A
- ✔ D. 50 A

**Q.11** निम्नलिखित में से कौन-सी धातु, सबसे कम अभिक्रियाशील है?

**Ans**
- ✘ A. जस्ता (Zinc)
- ✘ B. मैग्नीशियम (Magnesium)
- ✘ C. सोडियम (Sodium)
- ✔ D. सोना (Gold)

**Q.12** निम्नलिखित में से कौन-सी विशेषताएं, सूक्ष्मदर्शी के नीचे सभी कोशिकाओं द्वारा प्रदर्शित होती हैं?

**Ans**
- ✘ A. प्लाज्मा झिल्ली, नाभिक और कोशिकाद्रव्य
- ✔ B. केवल प्लाज्मा झिल्ली और कोशिकाद्रव्य
- ✘ C. केवल केन्द्रक और कोशिकाद्रव्य
- ✘ D. केवल प्लाज्मा झिल्ली और नाभिक

**Q.13** वमन (vomiting) के बाद मुख को साफ करने की सलाह क्यों दी जाती है?

**Ans**
- ✘ A. दुर्गंध दूर करने के लिए
- ✘ B. निर्जलीकरण से बचने के लिए
- ✘ C. संक्रमण के प्रसार को रोकने के लिए
- ✔ D. अम्ल को उदासीन करने और दाँत के इनेमल की रक्षा करने के लिए

**Q.14** मनुष्यों में, निषेचन के बाद भ्रूण शरीर के किस भाग में प्रत्यारोपित होता है?

Ans
- ✔ A. गर्भाशय
- ✘ B. अंडाशय
- ✘ C. डिम्बवाहिनी
- ✘ D. आमाशय

**Q.15** कौन-सा कथन स्थिर अनुपात के नियम का सबसे अच्छा समर्थन करता है?

Ans
- ✘ A. दो स्थानों से अलग-अलग कण-आकार की रेत
- ✘ B. मिश्रित कार्बनिक सामग्री वाले दो क्षेत्रों की मिट्टी
- ✘ C. दो तालाबों से प्राप्त मिट्टी जिसमें विभिन्न खनिज होते हैं
- ✔ D. समान संरचना वाले दो स्रोतों से प्राप्त जल

**Q.16** जब लोहे की कील को कॉपर सल्फेट के घोल में रखा जाता है तो क्या परिवर्तन दिखाई देते हैं?

Ans
- ✔ A. लोहे की कील का रंग भूरा हो जाता है और कॉपर सल्फेट के घोल का नीला रंग फीका पड़ जाता है।
- ✘ B. लोहे की कील का रंग वैसा ही रहता है तथा कॉपर सल्फेट का नीला रंग फीका पड़ जाता है
- ✘ C. लोहे की कील का रंग भूरा हो जाता है और कॉपर सल्फेट के घोल का नीला रंग बदलकर पीला हो जाता है।
- ✘ D. लोहे की कील का रंग भूरा हो जाता है तथा कॉपर सल्फेट के घोल का रंग नीला ही रहता है।

**Q.17** चेहरे का आवर्धित प्रतिबिंब प्राप्त करने के लिए, निम्नलिखित में से किस दर्पण का उपयोग शेविंग मिरर के रूप में किया जाता है?

Ans
- ✘ A. परवलयिक दर्पण
- ✘ B. उत्तल दर्पण
- ✘ C. समतल दर्पण
- ✔ D. अवतल दर्पण

**Q.18** निम्नलिखित में से कौन-सा कथन, कोशिका की आकृति और उसकी भूमिका के बीच संबंध का सर्वोत्तम रूप से वर्णन करता है?

Ans
- ✔ A. कोशिका की आकृति उसके विशिष्ट कार्य में सहायता करती है।
- ✘ B. सभी कोशिकाएं गोल होती हैं चाहे उनका कार्य कुछ भी हो।
- ✘ C. कोशिका की आकृति यादृच्छिक होती है।
- ✘ D. सभी कोशिकाओं का कार्य समान होता है।

**Q.19** दिए गए कथन (A) और कारण (R) को पढ़ें और सबसे उपयुक्त विकल्प का चयन करें।

(A): मौखिक गर्भनिरोधक गोलियां गर्भनिरोधक की एक स्थायी विधि है।
(R): वे हार्मोन के स्तर को बदलती हैं और अण्डोत्सर्ग को रोकती हैं।

Ans
- ✘ A. A और R दोनों असत्य हैं
- ✘ B. A और R दोनों सत्य हैं, लेकिन R, A की सही व्याख्या नहीं है
- ✔ C. A असत्य है, लेकिन R सत्य है
- ✘ D. A और R दोनों सत्य हैं, और R, A की सही व्याख्या है

**Q.20** संतृप्त हाइड्रोकार्बनों में कार्बन परमाणुओं के मध्य किस प्रकार का आबंध पाया जाता है?

Ans
- ✔ A. एकल आबंध
- ✘ B. द्विक् आबंध
- ✘ C. त्रिक आबंध
- ✘ D. द्विक् और त्रिक दोनों आबंध

**Q.21** निम्नलिखित में से कौन-सा, तंत्रिका प्रकार को उसकी उत्पत्ति से सर्वोत्तम रूप से युग्मित करता है?

**Ans**
- ✗ A. कपाल तंत्रिकाएँ – मेरुरज्जु
- ✓ B. कपाल तंत्रिकाएँ – मस्तिष्क
- ✗ C. मेरु तंत्रिकाएँ – हृदय
- ✗ D. मेरु तंत्रिकाएँ – मस्तिष्क

**Q.22** गैस कणों की निरंतर गति के कारण निम्नलिखित में से क्या होता है?

**Ans**
- ✗ A. संघनन
- ✗ B. वाष्पीकरण
- ✓ C. विसरण
- ✗ D. गलन

**Q.23** चुंबकीय क्षेत्र रेखाओं की निकटता निम्नलिखित में से क्या इंगित करती है?

**Ans**
- ✓ A. चुंबकीय क्षेत्र की तीव्रता
- ✗ B. चुंबक की लंबाई
- ✗ C. ध्रुवों की स्थिति
- ✗ D. चुंबकीय क्षेत्र की दिशा

**Q.24** निम्नलिखित में से कौन-सी राशि, किसी पिंड के जड़त्व की माप है?

**Ans**
- ✗ A. भार
- ✓ B. द्रव्यमान
- ✗ C. बल
- ✗ D. त्वरण

**Q.25** हम विलयन की सांद्रता को विभिन्न तरीकों से व्यक्त करते हैं। निम्नलिखित में से कौन-सी विधि, गलत है?

**Ans**
- ✗ A. द्रव्यमान/विलयन के आयतन प्रतिशत (Mass by volume percentage of a solution)
- ✗ B. द्रव्यमान/विलयन के द्रव्यमान प्रतिशत (Mass by mass percentage of a solution)
- ✓ C. आयतन/विलयन के द्रव्यमान प्रतिशत (Volume by mass percentage of a solution)
- ✗ D. आयतन/विलयन के आयतन प्रतिशत (Volume by volume percentage of a solution)

## Section : **Mathematics**

**Q.26** P और Q की वर्तमान आयु 9 : 8 के अनुपात में है और अब से 2 वर्ष बाद, उनकी आयु 10 : 9 के अनुपात में होगी। P की वर्तमान आयु कितनी है।

**Ans**
- ✗ A. 8 वर्ष
- ✓ B. 18 वर्ष
- ✗ C. 16 वर्ष
- ✗ D. 9 वर्ष

**Q.27** दो उम्मीदवारों के बीच हुए एक चुनाव में, कुल मतों में से 20% मत अवैध घोषित कर दिए गए। विजयी उम्मीदवार को वैध मतों का 40% मत प्राप्त हुआ और उसने दूसरे स्थान पर रहे उम्मीदवार, जिसे वैध मतों का 32% मत प्राप्त हुआ था, से 1,60,000 अधिक वैध मत प्राप्त किए। वैध मतों की कुल संख्या ज्ञात कीजिए।

**Ans**
- ✗ A. 12,00,000
- ✓ B. 20,00,000
- ✗ C. 25,00,000
- ✗ D. 10,00,000

Q.28 3 के प्रथम 9 गुणजों का औसत ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✗ A. 3
- ✗ B. 9
- ✓ C. 15
- ✗ D. 13.5

Q.29 यदि एक बेलन का आयतन 1848 $cm^3$ है, और उसकी ऊंचाई 12 cm है, तो उसका वक्र पृष्ठीय क्षेत्रफल ($cm^2$ में) ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✗ A. 432
- ✗ B. 476
- ✓ C. 528
- ✗ D. 560

Q.30 दो ट्रकों की चाल का अनुपात 5 : 4 है। तेज चाल वाले ट्रक द्वारा 200 km की दूरी तय करने में लिया गया समय, दूसरे ट्रक से 2 घंटे कम है। धीमे ट्रक की चाल ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✓ A. 20 km/hr
- ✗ B. 26 km/hr
- ✗ C. 17 km/hr
- ✗ D. 24 km/hr

Q.31 जब किसी पुस्तक का मूल्य 16% कम हो जाता है, तो उसकी बिक्री 80% बढ़ जाती है। संप्राप्ति में शुद्ध (net) प्रतिशत वृद्धि कितनी होगी?

Ans
- ✗ A. 49.2%
- ✗ B. 50.6%
- ✓ C. 51.2%
- ✗ D. 48.8%

Q.32 वह चार अंकों वाली सबसे बड़ी संख्या ज्ञात कीजिए जिसे 14, 9 और 6 से विभाजित करने पर प्रत्येक स्थिति में शेष 2 बचता है।

Ans
- ✗ A. 9998
- ✗ B. 9984
- ✗ C. 9948
- ✓ D. 9956

Q.33 एक विक्रेता ने एक वस्तु पर 50% की छूट दी और फिर भी 71% का लाभ अर्जित किया। क्रय मूल्य और अंकित मूल्य का अनुपात ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✓ A. 50 : 171
- ✗ B. 49 : 173
- ✗ C. 53 : 173
- ✗ D. 47 : 174

Q.34 एक कक्षा के 24 विद्यार्थियों की औसत आयु 46 वर्ष है। यदि शिक्षक की आयु भी शामिल कर ली जाए, तो पूरे समूह की औसत आयु 47 वर्ष हो जाती है। शिक्षक की आयु (वर्ष में) ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✗ A. 74
- ✓ B. 71
- ✗ C. 70
- ✗ D. 73

**Q.35** दो बैंक, A और B, क्रमशः 3.5% और 7.5% वार्षिक ब्याज दर से ऋण देते हैं। मोहन ने प्रत्येक बैंक से ₹2,60,000 उधार लिए। 2 वर्षों के बाद मोहन द्वारा दोनों बैंकों को दिए गए साधारण ब्याज की राशियों के बीच धनात्मक अंतर (₹ में) ज्ञात कीजिए।

**Ans**
- ✗ A. 22,300
- ✗ B. 20,300
- ✓ C. 20,800
- ✗ D. 21,800

**Q.36** निम्नलिखित में से कौन-सा विकल्प त्रिभुजों के बारे में सत्य नहीं है?

**Ans**
- ✗ A. किसी दिए गए क्षेत्रफल के लिए, समबाहु त्रिभुज का परिमाप सबसे कम होता है।
- ✗ B. यदि किसी त्रिभुज की सबसे बड़ी भुजा 4 इकाई है, तो उसका क्षेत्रफल 8 वर्ग इकाई से कम होगा।
- ✗ C. ऐसे समकोण त्रिभुज होते हैं जिनकी भुजाओं की लंबाई तीन क्रमागत प्राकृतिक संख्याएँ होती हैं।
- ✓ D. 50 वर्ग इकाई क्षेत्रफल वाले एक समद्विबाहु समकोण त्रिभुज की एक भुजा की लंबाई 8 इकाई है।

**Q.37** एक चिड़ियाघर में, 32 बत्तखें, 41 भेड़ें, 7 घोड़े और कुछ कौवे हैं। यदि पैरों की कुल संख्या सिरों की संख्या से 211 अधिक है, तो कौवों की संख्या ज्ञात कीजिए।

**Ans**
- ✓ A. 35
- ✗ B. 21
- ✗ C. 30
- ✗ D. 43

**Q.38** दिए गए व्यंजक को सरल कीजिए।

$12 + \{6 \times 27 \div 3 + 2\} - (16 \div 8) \times 5$

**Ans**
- ✓ A. 58
- ✗ B. 57
- ✗ C. 55
- ✗ D. 56

**Q.39** एक त्रिभुज की अन्तःत्रिज्या 8 cm है और इसकी भुजाओं की लंबाइयों का योग 60 cm है। त्रिभुज का क्षेत्रफल ($cm^2$ में) ज्ञात कीजिए।

**Ans**
- ✗ A. 280
- ✗ B. 480
- ✗ C. 260
- ✓ D. 240

**Q.40** रमन की आय ₹10,200 है। वह अपनी आय का 30% बचाता है। यदि उसकी आय में 14% की वृद्धि होती है और व्यय में 40% की वृद्धि होती है, तो उसकी बचत में .............. होगी?

**Ans**
- ✗ A. ₹1,427 की कमी
- ✗ B. ₹1,430 की वृद्धि
- ✓ C. ₹1,428 की कमी
- ✗ D. ₹1,429 की वृद्धि

**Q.41** रोशन और अंशु ने मिलकर एक व्यवसाय में ₹13,500 का निवेश किया। वर्ष के अंत में, ₹9,000 के कुल लाभ में से रोशन का हिस्सा ₹1,300 था। रोशन का निवेश कितना था?

**Ans**
- ✗ A. ₹1,765
- ✗ B. ₹2,295
- ✓ C. ₹1,950
- ✗ D. ₹1,565

**Q.42** एक टाइपिस्ट को 2 पृष्ठ टाइप करने में 40 मिनट लगते हैं। वह 80 मिनट में कितने पृष्ठ टाइप करेगा?

**Ans**
- ✗ A. 2
- ✗ B. 1
- ✗ C. 3
- ✓ D. 4

**Q.43** लाल, हरे और गुलाबी टोकन वाले एक बैग में, लाल और हरे टोकन का अनुपात 15 : 19 था, जबकि गुलाबी और लाल टोकन का अनुपात 17 : 2 था। हरे और गुलाबी टोकन का अनुपात कितना था?

**Ans**
- ✗ A. 39:259
- ✗ B. 41:260
- ✓ C. 38:255
- ✗ D. 37:257

**Q.44** एक वस्तु ₹4,000 में खरीदी गई। इसका मूल्य 40% बढ़ाकर अंकित किया गया। इसके बाद, अंकित मूल्य पर 20% की छूट पर इसे बेचा गया। इस सौदे में लाभ प्रतिशत कितना था?

**Ans**
- ✗ A. 10%
- ✗ B. 11%
- ✗ C. 14%
- ✓ D. 12%

**Q.45** व्यंजक $\frac{8}{4.5^3 - 0.5^3} \times (4.5 \times 4.5 + 0.25 + 4.5 \times 0.5)$ का मान ज्ञात कीजिए।

**Ans**
- ✗ A. 4
- ✓ B. 2
- ✗ C. 1
- ✗ D. 8

**Q.46** A और B मिलकर किसी कार्य को 3 दिन में कर सकते हैं। B अकेले उसी कार्य को 6 दिन में कर सकता है। A अकेले उसी कार्य का दोगुना काम करने में कितना समय (दिन में) लेगा?

**Ans**
- ✗ A. 6
- ✗ B. 15
- ✓ C. 12
- ✗ D. 13

**Q.47** एक जीप 80 km की दूरी 40 km/hr की चाल से, और अगली 36 km की दूरी 18 km/hr की चाल से तय करती है। इसकी औसत चाल (km/hr में) कितनी है?

**Ans**
- ✗ A. 23
- ✗ B. 35
- ✓ C. 29
- ✗ D. 33

**Q.48** 4 पुरुष किसी काम को 8 दिनों में पूरा कर सकते हैं जबकि 2 महिलाएं इसे 10 दिनों में पूरा कर सकती हैं। 5 महिलाएं और 8 पुरुष उसी काम को कितने दिनों में पूरा कर सकते हैं?

**Ans**
- ✗ A. 4
- ✓ B. 2
- ✗ C. 6
- ✗ D. 7

**Q.49** $\dfrac{1+\tan^2\theta}{1+\cot^2\theta}$ का मान ज्ञात कीजिए।

**Ans**
- ✔ A. $\tan^2\theta$
- ✘ B. $\cot^2\theta$
- ✘ C. $\text{cosec}^2\theta$
- ✘ D. $\tan\theta$

**Q.50** एक व्यापारी अपनी वस्तुओं पर उनके क्रय मूल्य से 35% अधिक मूल्य अंकित करता है। फिर वह 15% की छूट देता है। उसका लाभ प्रतिशत ज्ञात कीजिए।

**Ans**
- ✘ A. 16.5%
- ✘ B. 20%
- ✘ C. 15.25%
- ✔ D. 14.75%

Section : **General Intelligence and Reasoning**

**Q.51** सात डिब्बे, B, C, D, I, J, K और L, एक के ऊपर एक रखे गए हैं, लेकिन जरूरी नहीं कि वे इसी क्रम में हों। केवल I को L के ऊपर रखा गया है। I और B के बीच केवल तीन डिब्बे रखे गए हैं। केवल K को C के नीचे रखा गया है। D को B के ठीक ऊपर रखा गया है। J और K के बीच कितने डिब्बे रखे गए हैं?

**Ans**
- ✘ A. एक
- ✔ B. तीन
- ✘ C. चार
- ✘ D. दो

**Q.52** निम्नलिखित संख्या श्रृंखला को देखें और उसके बाद दिए गए प्रश्न का उत्तर दें (सभी संख्याएँ केवल एक अंकीय संख्याएँ हैं)। गिनती केवल बाएं से दाएं करनी है।

(बाएं) 6 4 3 2 7 6 4 9 9 6 5 4 9 7 6 8 3 5 1 5 1 2 4 8 9 (दाएं )

ऐसी कितनी विषम संख्याएँ हैं, जिनमें से प्रत्येक के ठीक पहले एक सम संख्या है तथा ठीक बाद भी एक सम संख्या है?

**Ans**
- ✘ A. चार
- ✘ B. एक
- ✔ C. तीन
- ✘ D. दो

**Q.53** निम्नलिखित संख्या श्रृंखला का संदर्भ लीजिए तथा दिए गए प्रश्न का उत्तर दीजिए (सभी संख्याएं केवल एकल-अंकीय संख्याएं हैं)। (गिनती केवल बाएं से दाएं की जानी है।)

(बाएं) 3 3 3 4 9 8 9 1 2 2 5 5 5 1 3 1 4 4 1 5 8 2 2 6 3 7 6 (दाएं)

ऐसी कितनी विषम संख्याएं हैं जिनमें से प्रत्येक के ठीक पहले एक विषम संख्या और ठीक बाद एक सम संख्या है?

**Ans**
- ✘ A. 7
- ✔ B. 5
- ✘ C. 4
- ✘ D. 6

Q.54 उस सेट का चयन कीजिए जिसमें संख्याएँ उसी प्रकार संबंधित हैं जिस प्रकार निम्नलिखित सेटों की संख्याएँ संबंधित हैं।

(नोटः संख्याओं को उनके घटक अंकों में तोड़े बिना संक्रियाएँ पूर्ण संख्याओं पर की जानी चाहिए। उदाहरण के लिए 13 लीजिए – 13 पर संक्रियाएँ जैसे कि 13 में जोड़ना/घटाना/गुणा करना आदि केवल 13 पर की जा सकती हैं। 13 को 1 और 3 में तोड़ना तथा फिर 1 और 3 पर गणितीय संक्रियाएँ करने की अनुमति नहीं है।)

(46, 23, 32)
(72, 36, 45)

Ans

✔ A. (98, 49, 58)

✗ B. (156, 78, 88)

✗ C. (194, 97, 105)

✗ D. (162, 81, 92)

Q.55 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, निम्नलिखित चार अक्षर-समूह युग्मों में से तीन एक निश्चित रूप से एकसमान हैं और इस प्रकार एक ग्रुप बनाते हैं। कौन-सा अक्षर-समूह युग्म उस ग्रुप से संबंधित नहीं है? (नोट: असंगत अक्षर-समूह युग्म, व्यंजनों/स्वरों की संख्या या उनकी स्थिति पर आधारित नहीं है।)

Ans

✗ A. MK – CA

✗ B. QO-GE

✔ C. NK – DB

✗ D. AY-QO

Q.56 सात बॉक्स A, B, C, D, E, F और G एक के ऊपर एक रखे गए हैं, लेकिन जरूरी नहीं वे कि इसी क्रम में रखे गए हों।
A और E के बीच केवल चार बॉक्स रखे गए हैं। A के ऊपर केवल C को रखा गया है। G और F के बीच केवल दो बॉक्स रखे गए हैं। B को D के ठीक ऊपर रखा गया है। F को B के ठीक ऊपर नहीं रखा गया है।
B के नीचे कितने बॉक्स रखे गए हैं?

Ans

✔ A. 3

✗ B. 2

✗ C. 1

✗ D. 4

Q.57 उस युग्म का चयन कीजिए, जो नीचे दिए गए दो युग्मों के समान पैटर्न का अनुसरण करता है। दोनों युग्म समान पैटर्न का अनुसरण करते हैं।

BCG−FGK
WXB−ABF

Ans

✗ A. FGK−IKN

✔ B. FGK−JKO

✗ C. FFI−JKO

✗ D. FFI−IJN

Q.58 दिए गए कथनों और निष्कर्षों को ध्यानपूर्वक पढ़िए। यह मानते हुए कि कथनों में दी गई जानकारी सत्य है, भले ही वह ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होती हो, तय कीजिए कि दिए गए निष्कर्षों में से कौन-सा/से निष्कर्ष कथनों का तार्किक रूप से अनुसरण करता है/करते हैं।

कथनः
कुछ कुत्ते, पक्षी हैं।
सभी पक्षी, पालतू जानवर हैं।

निष्कर्षः
(I): कुछ पालतू जानवर, कुत्ते नहीं हैं।
(II): कुछ कुत्ते, पालतू जानवर हैं।

Ans

✗ A. न तो निष्कर्ष (I) और न ही (II) अनुसरण करता है

✔ B. केवल निष्कर्ष (II) अनुसरण करता है

✗ C. केवल निष्कर्ष (I) अनुसरण करता है

✗ D. निष्कर्ष (I) और (II) दोनों अनुसरण करते हैं

Q.59 पांच व्यक्ति, A, B, C, D और E, एक पंक्ति में उत्तर की ओर अभिमुख होकर बैठे हैं। पंक्ति के दाएं छोर पर A बैठा है। A के ठीक बाएं पड़ोस में D बैठा है। C और E के बीच B बैठा है। A और B के बीच कितने व्यक्ति बैठे हैं?

Ans
- ✗ A. 1
- ✗ B. 3
- ✗ C. 0
- ✓ D. 2

Q.60 दी गई संख्या, प्रतीक श्रृंखला का संदर्भ लें और नीचे दिए गए प्रश्न का उत्तर दें। गिनती केवल बाएं से दाएं की ओर की जानी है। सभी संख्याएं एकल-अंकीय संख्याएं हैं।
(बाएं) * 3 © £ % 2 7 3 © £ & @ & 5 @ 3 3 @ * @ $ 4 (दाएं)
ऐसी कितनी संख्याएं हैं, जिनमें से प्रत्येक के ठीक पहले एक संख्या और ठीक बाद एक प्रतीक है?

Ans
- ✗ A. चार
- ✓ B. दो
- ✗ C. तीन
- ✗ D. एक

Q.61 दिए गए कथनों और निष्कर्षों को ध्यानपूर्वक पढ़िए। यह मानते हुए कि कथनों में दी गई जानकारी सत्य है, भले ही वह ज्ञात तथ्यों से अलग प्रतीत होती हो, निर्णय कीजिए कि दिए गए निष्कर्षों में से कौन-सा/से निष्कर्ष कथनों का तार्किक रूप से अनुसरण करता/करते है/हैं।

कथन:
सभी हीरे, पत्थर हैं।
कोई भी हीरा, हार नहीं है।

निष्कर्ष (I): कुछ पत्थर, हीरा हैं।
निष्कर्ष (II): कोई भी पत्थर, हार नहीं है।

Ans
- ✗ A. न तो निष्कर्ष (I) और न ही (II) अनुसरण करता है।
- ✗ B. केवल निष्कर्ष (II) अनुसरण करता है।
- ✗ C. निष्कर्ष (I) और (II) दोनों अनुसरण करते हैं।
- ✓ D. केवल निष्कर्ष (I) अनुसरण करता है।

Q.62 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, दी गई श्रृंखला में प्रश्न चिह्न (?) के स्थान पर क्या आना चाहिए?
GPM ENK CLI AJG ?

Ans
- ✗ A. CHI
- ✗ B. YLI
- ✓ C. YHE
- ✗ D. ZHE

Q.63 एक निश्चित कूट भाषा में, 'ROME' को '2347' के रूप में और 'BERM' को '7254' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है। दी गई कूट भाषा में 'B' के लिए कूट क्या है?

Ans
- ✗ A. 7
- ✗ B. 2
- ✗ C. 4
- ✓ D. 5

Q.64 निम्नलिखित में से कौन-सा अक्षर-संख्या समूह दी गई श्रृंखला को तार्किक रूप से पूर्ण बनाने के लिए प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर आएगा?

CMN101, KUV82, SCD63, AKL44, ?

Ans
- ✗ A. ISE25
- ✗ B. IWT25
- ✗ C. MST25
- ✓ D. IST25

Q.65 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, निम्नलिखित चार अक्षर-समूहों में से तीन एक निश्चित रूप से एकसमान हैं और इस प्रकार एक ग्रुप बनाते हैं। कौन-सा अक्षर-समूह उस ग्रुप से संबंधित नहीं है? (नोट: असंगत अक्षर-समूह, व्यंजनों/स्वरों की संख्या या उनकी स्थिति पर आधारित नहीं है।)

Ans ✔ A. HMN

✗ B. QUW

✗ C. LPR

✗ D. DHJ

Q.66 यदि '+' और '−' को परस्पर बदल दिया जाए तथा '×' और '÷' को परस्पर बदल दिया जाए, तो निम्नलिखित समीकरण में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आएगा?

116 ÷ 9 + 427 × 7 − 13 = ?

Ans ✗ A. 934

✔ B. 996

✗ C. 923

✗ D. 985

Q.67 दी गई श्रृंखला में प्रश्न-चिन्ह (?) के स्थान पर क्या आएगा?

100 85 70 55 40 ?

Ans ✗ A. 24

✔ B. 25

✗ C. 22

✗ D. 23

Q.68 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, एक निश्चित तरीके से CFRT का संबंध GKVY से है। उसी तरीके से, SZHN का संबंध WELS से है। समान तर्क का अनुसरण करते हुए, EOTC का संबंध दिए गए विकल्पों में से किस विकल्प से है?

Ans ✔ A. ITXH

✗ B. ITXD

✗ C. IXDE

✗ D. ITBH

Q.69 निम्नलिखित संख्या, प्रतीक श्रृंखला का संदर्भ लीजिए तथा नीचे दिए गए प्रश्न का उत्तर दीजिए। गिनती केवल बाएं से दाएं की ओर की जानी है। (सभी संख्याएं एकल-अंकीय संख्याएं हैं।)
(बाएं) 2 6 & 2 9 5 5 € 1 $ 1 6 @ & € # 3 @ £ % 4 9 (दाएं)
ऐसे कितने प्रतीक हैं, जिनमें से प्रत्येक के ठीक पहले एक संख्या और ठीक बाद एक प्रतीक है?

Ans ✗ A. तीन

✔ B. दो

✗ C. चार

✗ D. एक

Q.70 सोनू बिंदु A से चलना शुरू करता है और पश्चिम की ओर 61 km गाड़ी चलाता है। फिर वह बाएं मुड़ता है, 67 km गाड़ी चलाता है, फिर बाएं मुड़ता है और 67 km गाड़ी चलाता है। फिर वह बाएं मुड़ता है और 80 km गाड़ी चलाता है। वह अंत में बाएं मुड़ता है, 6 km गाड़ी चलाता है और बिंदु P पर रुकता है। बिंदु A पर दोबारा पहुँचने के लिए उसे कितनी दूरी (सबसे कम दूरी) और किस दिशा में गाड़ी चलानी चाहिए?

(नोट: सभी मोड़ केवल 90° के हैं, जब तक कि निर्दिष्ट न किया गया हो।)

Ans ✗ A. उत्तर में 10 km

✗ B. दक्षिण में 12 km

✔ C. दक्षिण में 13 km

✗ D. उत्तर में 11 km

Q.71 यदि + का अर्थ – है, – का अर्थ × है, × का अर्थ ÷ है और ÷ का अर्थ + है, तो निम्नलिखित समीकरण में प्रश्न-चिन्ह (?) के स्थान पर क्या आएगा?

18 – 8 ÷ 4 + 64 × 16 = ?

Ans
- ✗ A. 148
- ✗ B. 146
- ✗ C. 142
- ✓ D. 144

Q.72 निम्नलिखित श्रृंखला में प्रश्न-चिन्ह (?) के स्थान पर कौन सी संख्याएँ आनी चाहिए ताकि वह तार्किक रूप से पूर्ण हो सके?

5, 15, 27, 41, 57, ?

Ans
- ✗ A. 76
- ✗ B. 82
- ✗ C. 80
- ✓ D. 75

Q.73 किसी निश्चित कूट भाषा में, 'zebra rain union' को 'ds cm oh' के रूप में और 'video union oven' को 'ng oa cm' के रूप में कूटबद्ध किया गया है। उस भाषा में 'union' को किस प्रकार कूटबद्ध किया जाएगा?

Ans
- ✗ A. ng
- ✗ B. ds
- ✗ C. oh
- ✓ D. cm

Q.74 उस युग्म का चयन कीजिए, जो नीचे दिए गए दो युग्मों के समान पैटर्न का अनुसरण करता है। दोनों युग्म समान पैटर्न का अनुसरण करते हैं।

YAB–XZA
TVW–SUV

Ans
- ✓ A. IKL–HJK
- ✗ B. IJJ–HJK
- ✗ C. IJJ–GIJ
- ✗ D. IKL–GJJ

Q.75 यदि 'A' का अर्थ '÷' है, 'B' का अर्थ 'x' है, 'C' का अर्थ '+' है और 'D' का अर्थ '-' है, तो निम्नलिखित समीकरण में प्रश्न-चिह्न '?' के स्थान पर क्या आएगा?

9 B 14 C 196 A 7 D 24 = ?

Ans
- ✓ A. 130
- ✗ B. 142
- ✗ C. 131
- ✗ D. 137

Q.76 दी गई श्रृंखला में प्रश्न-चिन्ह (?) के स्थान पर क्या आएगा?

1011 1010 1020 1019 1029 1028 ?

Ans
- ✗ A. 1034
- ✗ B. 1040
- ✓ C. 1038
- ✗ D. 1036

| | |
|---|---|
| **Q.77** | **एक निश्चित कूट भाषा में,**<br>**A + B का अर्थ है कि 'A, B का पुत्र है',**<br>**A – B का अर्थ है कि 'A, B का भाई है',**<br>**A x B का अर्थ है कि 'A, B की पत्नी है',**<br>**A ÷ B का अर्थ है कि 'A, B का पिता है'।**<br><br>**उपरोक्त के आधार पर, यदि 'D ÷ F – G x H + J' है, तो D का J से क्या संबंध है?** |
| **Ans** | ✗ A. पत्नी का भाई<br>✓ B. पुत्र की पत्नी का पिता<br>✗ C. पुत्र की पत्नी का भाई<br>✗ D. पत्नी का पिता |

| | |
|---|---|
| **Q.78** | **A, B, C, R, S, T और U एक गोल मेज के परित: केंद्र की ओर अभिमुख होकर बैठे हैं। S के दाईं ओर से गिनने पर S और C के बीच केवल दो व्यक्ति बैठे हैं। U के बाईं ओर से गिनने पर C और U के बीच केवल दो व्यक्ति बैठे हैं। B के बाईं ओर से गिनने पर S और B के बीच केवल तीन व्यक्ति बैठे हैं। R, T के बाईं ओर ठीक पड़ोस में बैठा है। A के बाईं ओर तीसरे स्थान पर कौन बैठा है?** |
| **Ans** | ✗ A. C<br>✓ B. T<br>✗ C. R<br>✗ D. B |

| | |
|---|---|
| **Q.79** | **भास्कर बिंदु A से चलना शुरू करता है और उत्तर दिशा में 11 km गाड़ी चलाता है। फिर वह दाएं मुड़ता है, 4 km गाड़ी चलाता है, फिर दाएं मुड़ता है और 5 km गाड़ी चलाता है। फिर वह बाएं मुड़ता है और 9 km गाड़ी चलाता है। अंत में वह दाएं मुड़ता है, 6 km गाड़ी चलाता है और बिंदु P पर रुकता है। बिंदु A पर दोबारा पहुँचने के लिए उसे कितनी दूर (न्यूनतम दूरी) और किस दिशा में गाड़ी चलानी चाहिए? (जब तक कि निर्दिष्ट न किया गया हो, सभी मोड़ केवल 90 डिग्री के हैं)** |
| **Ans** | ✗ A. दक्षिण की ओर 13 km<br>✓ B. पश्चिम की ओर 13 km<br>✗ C. उत्तर की ओर 17 km<br>✗ D. पश्चिम की ओर 11 km |

| | |
|---|---|
| **Q.80** | **सात व्यक्ति, B, C, D, I, J, K और L, एक सीधी पंक्ति में, उत्तर की अभिमुख होकर बैठे हैं। B और K के बीच केवल तीन व्यक्ति बैठे हैं। K के ठीक बाईं ओर पड़ोस में C बैठा है। L के दाईं ओर कोई नहीं बैठा है। L और K के बीच केवल एक व्यक्ति बैठा है। D के ठीक दाईं ओर पड़ोस में J बैठा है। I और J के बीच कितने व्यक्ति बैठे हैं?** |
| **Ans** | ✗ A. चार<br>✓ B. दो<br>✗ C. एक<br>✗ D. तीन |

Section : **General Awareness and Current Affairs**

| | |
|---|---|
| **Q.81** | **मार्च 2025 में, NDRF द्वारा किस देश के भूकंप पीड़ितों को बचाने के लिए ऑपरेशन ब्रह्मा लॉन्च किया गया था?** |
| **Ans** | ✓ A. म्यांमार<br>✗ B. नेपाल<br>✗ C. श्रीलंका<br>✗ D. भूटान |

| | |
|---|---|
| **Q.82** | **2025 में की गई घोषणा के अनुसार, इंटरनेशनल बिग कैट एलायंस (IBCA) का मुख्यालय ___________ में स्थापित किया जाएगा।** |
| **Ans** | ✗ A. न्यूज़ीलैंड<br>✗ B. दक्षिण अफ्रीका<br>✓ C. भारत<br>✗ D. ब्राज़ील |

Q.83 2025 विश्व एक्वेटिक्स चैंपियनशिप किस शहर/देश में आयोजित की गई थी?

Ans
- ✗ A. कनाडा
- ✓ B. सिंगापुर
- ✗ C. जापान
- ✗ D. संयुक्त अरब अमीरात

Q.84 2025 में चर्चा में रही पारिस्थितिक और सामुदायिक स्थिरता के लिए MISHTI योजना का क्या अर्थ है?

Ans
- ✗ A. स्वास्थ्य और प्रौद्योगिकी एकीकरण के लिए मैंग्रोव सुधार योजना
- ✗ B. अंतःस्थलीय सतत वृक्ष कटाई और नवाचार मिशन
- ✓ C. तटरेखा अधिवासों और मूर्त आय के लिए मैंग्रोव पहल
- ✗ D. सतत अधिवास और आय के लिए समुद्री पहल

Q.85 जून 2025 में, निम्नलिखित में से किस राज्य ने अपनी आवास योजनाओं के तहत अल्पसंख्यकों के लिए कोटा 10% से बढ़ाकर 15% कर दिया?

Ans
- ✓ A. कर्नाटक
- ✗ B. गुजरात
- ✗ C. असम
- ✗ D. केरल

Q.86 भारतीय रिजर्व बैंक ने वित्त वर्ष 2025-26 से लघु वित्त बैंकों के लिए प्राथमिकता क्षेत्र ऋण (PSL) दिशा-निर्देशों को संशोधित किया, जिसमें PSL लक्ष्य को घटाकर ANBC (समायोजित नेट बैंक क्रेडिट) या ऑफ-बैलेंस शीट एक्सपोजर्स के समतुल्य क्रेडिट (CEOBE) का कितना प्रतिशत कर दिया गया?

Ans
- ✗ A. 40%
- ✗ B. 30%
- ✓ C. 60%
- ✗ D. 50%

Q.87 ग्रीष्मकालीन पुस्तक लेखन महोत्सव 2025 में निम्नलिखित में से किस आयु वर्ग को प्रमुखता दी गई?

Ans
- ✗ A. 6 वर्ष और उससे अधिक आयु के स्कूली विद्यार्थी
- ✗ B. 18 से 26 वर्ष की आयु के लेखक
- ✗ C. सेवानिवृत्त शिक्षक
- ✓ D. 8 वर्ष और उससे अधिक आयु के स्कूली विद्यार्थी

Q.88 निम्नलिखित में से कौन-सा, 2025 में MSU वडोदरा में प्रदर्शित 3D बायोप्रिंटिंग का एक प्रमुख अनुप्रयोग है?

Ans
- ✗ A. उपग्रह संचार प्रणालियाँ
- ✗ B. मौसम पूर्वानुमान मॉडल
- ✓ C. पुनर्योजी चिकित्सा और ऊतक इंजीनियरिंग
- ✗ D. ब्लॉकचेन-आधारित वित्तीय लेनदेन

Q.89 निम्नलिखित में से किस देश ने जून 2025 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को अपने सर्वोच्च नागरिक सम्मान से सम्मानित किया?

Ans
- ✓ A. साइप्रस
- ✗ B. फ्रांस
- ✗ C. इटली
- ✗ D. ग्रीस

| | |
|---|---|
| Q.90 | डसॉल्ट एविएशन (Dassault Aviation) और रिलायंस एयरोस्ट्रक्चर लिमिटेड (RAL) ने जून 2025 में, पेरिस एयर शो में 2028 तक वैश्विक बाजार के लिए भारत में निम्नलिखित में से किस उत्पाद का निर्माण करने के समझौते के कार्यान्वयन की घोषणा की? |
| Ans | ✔ A. फाल्कन 2000 LXS बिजनेस एक्जीक्यूटिव जेट्स (Falcon 2000 LXS Business Executive Jets) |
| | ✘ B. फाल्कन 1000 LXS बिजनेस एक्जीक्यूटिव जेट्स (Falcon 1000 LXS Business Executive Jets) |
| | ✘ C. फाल्कन 3000 LXS बिजनेस एक्जीक्यूटिव जेट्स (Falcon 3000 LXS Business Executive Jets) |
| | ✘ D. फाल्कन 4000 LXS बिजनेस एक्जीक्यूटिव जेट्स (Falcon 4000 LXS Business Executive Jets) |

| | |
|---|---|
| Q.91 | निम्नलिखित में से किस भारतीय ने राष्ट्रीय खेल 2025 में 84.39 m का भाला फेंक (javelin throw) रिकॉर्ड बनाया? |
| Ans | ✔ A. सचिन यादव |
| | ✘ B. नीरज चोपड़ा |
| | ✘ C. अन्नू रानी |
| | ✘ D. शिवपाल सिंह |

| | |
|---|---|
| Q.92 | 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 2025 की थीम क्या है? |
| Ans | ✔ A. एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य के लिए योग (Yoga for One Earth, One Health) |
| | ✘ B. दीर्घ आयु के लिए योग करें (Do Yoga for Long Life) |
| | ✘ C. योग और हमारा स्वास्थ्य (Yoga and Our Health) |
| | ✘ D. अच्छे स्वास्थ्य के लिए योग करें (Do Yoga for Good Health) |

| | |
|---|---|
| Q.93 | संविधान (अनुसूचित जनजाति) आदेश (चौथा संशोधन) विधेयक, 2022, किस राज्य में इसके लागू होने के संबंध में संविधान (अनुसूचित जनजाति) आदेश, 1950 में संशोधन करना चाहता है? |
| Ans | ✔ A. कर्नाटक |
| | ✘ B. केरल |
| | ✘ C. ओडिशा |
| | ✘ D. तेलंगाना |

| | |
|---|---|
| Q.94 | मार्च 2025 में जारी, विश्व वायु गुणवत्ता रिपोर्ट 2024 में सबसे प्रदूषित देशों में भारत की रैंक कितनी थी? |
| Ans | ✘ A. 7वीं |
| | ✘ B. पहली |
| | ✘ C. तीसरी |
| | ✔ D. 5वीं |

| | |
|---|---|
| Q.95 | निम्नलिखित में से कौन, 2025 में लगातार तीन रेस जीतने वाला सबसे कम उम्र का फॉर्मूला 1 ड्राइवर बन गया है? |
| Ans | ✘ A. जॉर्ज रसेल (George Russell) |
| | ✘ B. मैक्स वरस्टैप्पेन (Max Verstappen) |
| | ✔ C. किमी एंटोनेली (Kimi Antonelli) |
| | ✘ D. लैंडो नॉरिस (Lando Norris) |

| | |
|---|---|
| Q.96 | जुलाई 2025 में, 17वें ब्रिक्स शिखर सम्मेलन (BRICS Summit) की मेजबानी के लिए कौन सा अंतर्राष्ट्रीय शहर सुर्खियों में था? |
| Ans | ✘ A. नई दिल्ली |
| | ✘ B. बीजिंग |
| | ✔ C. रियो डी जनेरियो |
| | ✘ D. जोहानसबर्ग |

Q.97 **निम्नलिखित में से कौन-सी विशेषता ज़ोरावर टैंक के लिए प्रमुख डिज़ाइन केंद्र है?**

Ans
- ✗ A. परमाणु हथियार क्षमता
- ✗ B. नौसैनिक उपयोग के लिए स्टील्थ तकनीक
- ✓ C. उभयचर क्षमता और हल्के वजन का डिज़ाइन
- ✗ D. पनडुब्बी का पता लगाने वाली प्रणाली

Q.98 **2025 में किसे भारतीय हॉकी में उनके योगदान के लिए पद्म भूषण से सम्मानित किया गया?**

Ans
- ✗ A. सत्यपाल सिंह (Satyapal Singh)
- ✗ B. आईएम विजयन (IM Vijayan)
- ✓ C. पीआर श्रीजेश (PR Sreejesh)
- ✗ D. हरविंदर सिंह (Harvinder Singh)

Q.99 **मई 2025 में 78वीं विश्व स्वास्थ्य सभा (World Health Assembly) में, कितने देशों ने ऐतिहासिक WHO महामारी समझौते के पक्ष में मतदान किया?**

Ans
- ✓ A. 124 देश
- ✗ B. 108 देश
- ✗ C. 119 देश
- ✗ D. 132 देश

Q.100 **मई 2025 में, केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा किस राज्य में 'विकसित कृषि संकल्प अभियान (VKSA)' शुरू किया गया?**

Ans
- ✓ A. ओडिशा
- ✗ B. उत्तर प्रदेश
- ✗ C. राजस्थान
- ✗ D. तेलंगाना

"